हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 29 अगस्त 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

क्रिकेट की दुनिया में छाया अनंत भटनागर का नाम

यूपी के तमाम जिलों से निकले क्रिकेटर भारतीय टीम में खेल रहे हैं। बरेली से पिछले कई वर्षों से कोई खिलाड़ी रणजी भी नही खेला है। ऐसे में उदीयमान खिलाड़ी अनंत भटनागर बरेली की बड़ी उम्मीद हैं। अनंत यूपी अंडर-16 टीम का हिस्सा हैं। पिछले चार वर्ष से वो राज सिंह डुंगरपुर क्रिकेट ट्रॉफी अंडर-14 में शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। पिछले दो वर्षों से वह यूपी अंडर 14 टीम के कप्तान थे। उनकी कप्तानी में टीम ने लगातार दोनों साल जीत भी हासिल की। बाएं हाथ के स्पिनर अनंत भटनागर एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के प्रशिक्षु हैं। अनंत ने अपनी सफलता का श्रेय कोच मनीष सिंह को दिया। अनंत के पिता अनिल भटनागर पब्लिकेशन में काम करते हैं, वही मां संगीता भटनागर हाउस मेकर हैं।